समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# दुर्घटना के बाद पेड़ हटाने का क्या फायदा ? पुणे-सोलापुर हाइवे पर हादसे का खतरा बढ़ा।

Publisher Published on 22 May 2025



## पुणे-सोलापुर हाइवे पर खतरे की घंटी : झुके पेड़ कभी भी बन सकते है दुंर्घटना की वजह.

**दौंड,पुणे ,महाराष्ट्र**: **पुणे-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग** पर **दौंड** के पास **जावजीबुवाची वाडी** क्षेत्र में स्थित **होटल संजीवनी** के सामने एक **झुका हुआ पेड़** स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिनों में आए तेज **आंधी-तूफान** और **बारिश** के कारण इस क्षेत्र में कई पेड़ों की डलिया टूट चुकी हैं, जबकि कुछ पुराने पेड़ अब पूरी तरह से झुक चुके हैं या सूख चुके हैं।

### वाहन और यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन झुके हुए पेड़ों की स्थिति इतनी खतरनाक है कि ये कभी भी वाहनों या राहगीरों पर गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। बीते दिनों में हुई तेज हवाओं के कारण पेड़ों की हालत और भी जर्जर हो चुकी है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या किसी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन जागेगा ?

### सरकारी लापरवाही पर सवाल

१. **राहगीरों** और **वाहनचालकों** की शिकायत है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

२. **पेड़ हटाने** की कार्रवाई तब की जाती है **जब दुर्घटना** हो जाती है — लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।
३. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन **सूखे और झुके हुए पेड़ों को हटा दिया जाए, तो कई जाने बंच** सकती हैं।

### स्थानीय लोगों की मांग : तुरंत कार्रवाई की जाए

वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों की ओर से प्रशासन से मांग की गई है कि "इन खतरनाक पेड़ों को तुरंत हटाया जाए और हाईवे की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.